दुनियाभर में 'रामायण' का दबदबा, चार दिन में 500 करोड़ के करीब पहुंची कमाई

रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म 'रामायण: भाग 1' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। रिलीज के चार दिनों के भीतर फिल्म ने दुनियाभर में 500 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा छूने के करीब पहुंच गई है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को भारत के साथ विदेशी बाजारों में भी दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। खास बात यह है कि फिल्म में यश की मौजूदगी का असर कन्नड़ भाषी क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है।

सैकनिल्क के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने रविवार को चौथे दिन भारत में 56.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसमें हिंदी से 36.75 करोड़, कन्नड़ से 7.25 करोड़, तेलुगु से 6.25 करोड़, तमिल से 3.15 करोड़ और मलयालम से 2.75 करोड़ रुपये की कमाई शामिल है। इससे पहले फिल्म ने पहले दिन 64.85 करोड़, दूसरे दिन 48.05 करोड़ और तीसरे दिन 69.80 करोड़ रुपये कमाए थे। इस तरह चार दिनों में फिल्म का भारतीय नेट कलेक्शन 238.85 करोड़ और ग्रॉस कलेक्शन 285.20 करोड़ रुपये हो गया है।

विदेशी बाजारों में भी फिल्म की कमाई का सिलसिला जारी है। चौथे दिन विदेशों से करीब 45 करोड़ रुपये की कमाई के साथ इसका कुल विदेशी ग्रॉस कलेक्शन 214 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसके साथ ही फिल्म की दुनियाभर की कुल कमाई 499.20 करोड़ रुपये हो गई है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता और यश रावण की भूमिका में हैं। इनके अलावा रवि दुबे, अरुण गोविल, लारा दत्ता और रकुल प्रीत सिंह भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।



अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऋतिक रोशन का जलवा

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करते हुए एक खास उपलब्धि हासिल की है। वह पहली बार लॉस एंजिलिस काउंटी म्यूजियम ऑफ आर्ट (एलएसीएमए) के प्रतिष्ठित आर्ट+फिल्म गाला में शामिल हुए।



7 नवंबर को आयोजित हुए इस समारोह में आमंत्रित होने वाले वह पहले भारतीय अभिनेता बने। इस मौके पर ऋतिक ब्लैक सूट, सफेद शर्ट और बो टाई में बेहद आकर्षक अंदाज में नजर आए। उनके क्लासिक लुक ने समारोह में मौजूद लोगों का ध्यान खींचा। समारोह में ऋतिक ने हॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय मनोरंजन जगत की कई चर्चित हस्तियों के साथ शिरकत की। इनमें काइली जेनर, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, आन्या टेलर-जॉय, एंड्रयू गारफील्ड और मिशेल योह जैसे नाम शामिल रहे। कार्यक्रम की सह-अध्यक्षता लगातार 15वें वर्ष ऑस्कर विजेता अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो और एलएसीएमए की ट्रस्टी ईवा चाउ ने की। इस दौरान कला, सिनेमा और फैशन जगत की हस्तियों ने अपनी मौजूदगी से समारोह को खास बनाया। गौरतलब है कि एलएसीएमए आर्ट+फिल्म गाला अमेरिका के लॉस एंजिलिस में आयोजित होने वाला वार्षिक कार्यक्रम है। इसकी शुरुआत वर्ष 2011 में हुई थी। यह फिल्म पुरस्कार समारोह नहीं, बल्कि कला और सिनेमा के योगदान को सम्मान देने तथा इनके बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।

सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी पर आएगी 'हनुमान अंश'

बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल करने वाली फिल्म 'हनुमान अंश' अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। नीम करोली बाबा के जीवन से प्रेरित इस फिल्म का डिजिटल प्रीमियर 27 नवंबर को सोनी लिव पर होगा। निर्देशक विशाल चतुर्वेदी ने इसकी जानकारी शेयर करते हुए बताया कि सिनेमाघरों में दर्शकों से भरपूर प्यार पाने के बाद अब यह फिल्म घर बैठे दर्शकों तक पहुंचेगी। फिल्म की ओटीटी रिलीज को लेकर लंबे समय से इंतजार कर रहे प्रशंसकों के लिए यह अच्छी खबर है। महज दो करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म में कोई बड़ा सितारा नहीं था, इसके बावजूद इसने कमाई के मामले में कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया। फिल्म की कहानी लक्ष्मीनारायण नाम के एक युवक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो मां के निधन के बाद जीवन, मृत्यु और ईश्वर से जुड़े सवालों के जवाब तलाशने निकल पड़ता है। उत्तर भारत की आध्यात्मिक यात्रा के दौरान उसका सामना जीवन के कई कठिन अनुभवों से होता है और यही सफर उसे नीम करोली बाबा के रूप में एक नई पहचान तक पहुंचाता है। फिल्म में मुख्य भूमिका शोभिनव सत्या ने निभाई है। शुरुआत में धीमी कमाई के कारण फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर कमजोर माना जा रहा था, लेकिन दर्शकों की सराहना के चलते इसकी कमाई में लगातार बढ़ोतरी हुई। फिल्म ने भारत में 342.44 करोड़ रुपये और दुनियाभर में 452.86 करोड़ रुपये का कारोबार किया। सिनेमाघरों में करीब 80 दिनों तक टिकने वाली इस फिल्म ने आठवें सप्ताह में 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर अपनी सफलता का नया रिकॉर्ड बनाया।



बेटों के साथ त्यौहार नहीं मना पाईं सेलिना जेटली, दिवाली पर छलका मां का दर्द

दिवाली का त्योहार जहां हर तरफ खुशियां और रोशनी लेकर आया, वहीं अभिनेत्री सेलिना जेटली के लिए यह मौका भावनात्मक रूप से काफी मुश्किल रहा। अभिनेत्री ने इस बार भी अपने तीनों बेटों विंस्टन, विराज और आर्थर के बिना दिवाली मनाई। सेलिना ने बच्चों की याद में सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर की और उनके साथ बिताए पुराने पलों को याद किया। सेलिना के तीनों बेटे फिलहाल ऑस्ट्रिया में अपने पिता पीटर हाग के साथ रह रहे हैं। अभिनेत्री और पीटर के बीच तलाक तथा बच्चों की कस्टडी को लेकर कानूनी विवाद चल रहा है। सेलिना ने इंस्टाग्राम पर बेटों के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि उन्हें तीनों की बहुत याद आ रही है। उन्होंने कहा कि उनकी जिंदगी की सबसे खूबसूरत दिवाली बच्चों के साथ ही रही है। अभिनेत्री के मुताबिक, जब उन्होंने पहली बार अल्ट्रासाउंड में अपने बच्चों को देखा था, तभी से वे उनकी जिंदगी की रोशनी बन गए थे। सेलिना ने यह भी लिखा कि बच्चों के बिना यह उनकी दूसरी दिवाली है और इस दूरी को स्वीकार करना उनके लिए बेहद मुश्किल है। अभिनेत्री ने पोस्ट में उन छोटे-छोटे पलों को भी याद किया, जब वह अपने बच्चों के लिए समोसे, पानी-पुरी, केक, सिनेमन रोल और लादी पाव बनाया करती थीं। उन्होंने बच्चों की भावनात्मक स्थिति को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि उन्हें डर है कि मौजूदा परिस्थितियों के बीच कहीं उनके बेटे मां के प्यार और साथ को न भूल जाएं।



मोहित चौहान की गायकी पर भावुक हुए सलमान, पिता की यादों में खोए अभिनेता

रियालिटी शो 'बिग बॉस 20' के आगामी 'वीकेंड का वार' एपिसोड में दर्शकों को एक भावुक पल देखने को मिलेगा। शो के नए प्रोमो में सुपरस्टार सलमान खान अपने पिता और दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान की प्रशंसा से भावुक होते नजर आ रहे हैं। दरअसल, इस एपिसोड में मशहूर गायक मोहित चौहान मेहमान बनकर पहुंचेंगे। उन्होंने सलीम खान के प्रति सम्मान जाहिर करते हुए उनकी पुरानी फिल्म का एक गाना प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर सलमान की आंखें नम हो गईं। प्रोमो में मोहित चौहान सलमान से कहते हैं कि वह उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं, लेकिन उनके पिता सलीम खान के और भी बड़े प्रशंसक हैं। इसके बाद वह वर्ष 1963 में आई फिल्म 'बचपन' का गीत 'मुझे तुमसे मोहब्बत है मगर मैं कह नहीं सकता' गाते हैं। इस फिल्म में सलीम खान ने अभिनेता के तौर पर काम किया था। उस समय उन्होंने पटकथा लेखक के रूप में अपनी पहचान नहीं बनाई थी। मोहित की इस प्रस्तुति ने सलमान को भावुक कर दिया। वह कुछ देर तक चुप रहे और अपनी आंखों में आए आंसुओं को छिपाने के लिए दूसरी ओर मुड़ गए। सलमान खान और सलीम खान के बीच गहरा भावनात्मक रिश्ता रहा है। अभिनेता कई मौकों पर अपने पिता के प्रति प्यार और सम्मान जाहिर कर चुके हैं। हाल ही में 'बिग बॉस 20' के दौरान भी उन्होंने अपने पिता के साथ रिश्ते पर बात की थी। सलमान ने बताया था कि हाल में हुई बातचीत के दौरान उन्होंने बेटे के रूप में अपनी गलतियों के लिए पिता से माफी भी मांगी थी। ऐसे में मोहित चौहान की यह खास प्रस्तुति सलमान के लिए बेहद भावुक पल बन गई।



मम्मूट्टी के साथ काम करने का मौका मिलने पर भावुक हुईं साई पल्लवी

दक्षिण भारतीय सिनेमा की अभिनेत्री साई पल्लवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ओम: चैप्टर 1 - उधिरम: द ब्लड वुड' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के भव्य ऑडियो लॉन्च समारोह में हजारों प्रशंसकों की मौजूदगी ने आयोजन को यादगार बना दिया।

इस मौके पर धनुष, मम्मूट्टी, साई पल्लवी, श्रीलीला, निर्देशक राजकुमार पेरियासामी, निर्माता श्रद्धा अग्रवाल और संगीतकार साई अभ्यंकर सहित फिल्म से जुड़ी कई हस्तियां मौजूद रहीं। समारोह के दौरान साई पल्लवी ने मम्मूट्टी के साथ काम करने का अनुभव शेयर करते हुए कहा कि पहले वह अक्सर मम्मूट्टी का नाम लिया करती थीं और अब उनके साथ काम करने का मौका मिला है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'शायद मैंने ही इसे मैनिफेस्ट कर लिया था।'

साई ने मम्मूट्टी की ऊर्जा और काम के प्रति उनके उत्साह की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि उम्र के इस पड़ाव पर भी मम्मूट्टी सेट पर बेहद सक्रिय रहते हैं। कैमरा शुरू होने से पहले ही वह अपने खास अंदाज और प्यारे एक्सप्रेशंस से माहौल खुशनुमा बना देते थे। साई के मुताबिक, उनके साथ काम करना बेहद सुखद अनुभव रहा और उन्होंने उनसे काफी कुछ सीखा। वहीं, निर्माता श्रद्धा अग्रवाल ने फिल्म को अपने बैनर की अब तक की सबसे बड़ी परियोजना बताया। उन्होंने कहा कि आरटेक स्टूडियोज की फिल्मों का चेन्नई से हमेशा खास जुड़ाव रहा है और 'ओम' के जरिए यह रिश्ता और मजबूत होगा। उन्होंने धनुष के साथ काम करने के अनुभव को शानदार बताते हुए निर्देशक राजकुमार पेरियासामी की मेहनत और समर्पण की सराहना की। श्रद्धा ने उम्मीद जताई कि फिल्म को दर्शकों का वैसा ही प्यार मिलेगा, जैसा अब तक इसके प्रति देखने को मिला है। आरटेक स्टूडियोज और वंडरबार फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म 20 नवंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



फिल्म निर्माण को मिलेगा बढ़ावा, उत्तराखंड के चकराता में बनी अविनाश ध्यानी फिल्म सिटी

उत्तराखंड की खूबसूरत वादियां अब केवल फिल्मों की शूटिंग के लिए ही नहीं, बल्कि फिल्म निर्माण की आधुनिक सुविधाओं के लिए भी पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। फिल्ममेकर अविनाश ध्यानी ने चकराता में 'अविनाश ध्यानी फिल्म सिटी' (एडीएफसी) की शुरुआत कर इस दिशा में एक अहम पहल की है।

फिल्म '72 ॥श्रह्वह्य' के निर्देशन के लिए पहचाने जाने वाले अविनाश का उद्देश्य उत्तराखंड में फिल्म निर्माण का ऐसा केंद्र विकसित करना है, जहां स्थानीय प्रतिभाओं को अपने हुनर को निखारने और काम करने के अवसर मिल सकें। इससे पहाड़ी क्षेत्र के युवाओं को फिल्म जगत में करियर बनाने के लिए दूसरे शहरों का रुख करने की मजबूरी भी कम हो सकती है। अविनाश के मुताबिक, उत्तराखंड में प्राकृतिक लोकेशन की भरमार है, लेकिन शूटिंग के लिए जरूरी सेट और तकनीकी सुविधाओं की कमी लंबे समय से फिल्मकारों के सामने चुनौती रही है। अपनी फिल्मों के निर्माण के दौरान उन्हें पुलिस स्टेशन, अस्पताल, रेलवे स्टेशन और गांव जैसे अलग-अलग सेट तैयार करने या तलाशने पड़ते थे। इसी अनुभव से फिल्म सिटी बनाने का विचार आया। यहां गांव, पुलिस स्टेशन, अस्पताल, रेलवे स्टेशन और ब्रिटिशकालीन इमारतों सहित कई तरह के सेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा देवदार के जंगल और हिमालय की खूबसूरत चोटियां फिल्मकारों को प्राकृतिक लोकेशन का विकल्प भी देती हैं।



इस पहल का एक प्रमुख लक्ष्य स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर तैयार करना है। अभिनय के साथ सिनेमैटोग्राफी, संपादन, लाइटिंग, साउंड और प्रोडक्शन मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में रुचि रखने वाले युवाओं को अपने राज्य में ही काम सीखने और आगे बढ़ने का मंच मिल सकेगा। फिल्म सिटी में काम भी शुरू हो चुका है। अविनाश की आगामी फिल्म 'तू तुम और मैं' की शूटिंग यहां की जा रही है, जबकि प्रथम विश्व युद्ध के वीर सैनिक राइफलमैन गबर सिंह नेगी के जीवन पर आधारित फिल्म 'वीसी-571' के लिए युद्धकालीन खाइयों और अन्य बड़े सेट तैयार किए जा रहे हैं। अविनाश ध्यानी का मानना है कि फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि फिल्मकारों और निजी संस्थानों की भी है। उत्तराखंड सरकार की फिल्म नीति और सब्सिडी के साथ निजी प्रयासों से राज्य में फिल्म निर्माण का मजबूत आधार तैयार किया जा सकता है। एडीएफसी इसी दिशा में एक कोशिश है, जिसका उद्देश्य उत्तराखंड की प्रतिभा और कहानियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

विजय सेतुपति की 'पॉकेट नॉवेल' की रिलीज तारीख का ऐलान

दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय सेतुपति की आगामी फिल्म 'पॉकेट नॉवेल' की रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया गया है। थियागराजन कुमारराजा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 14 जनवरी 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। खास बात यह है कि फिल्म को पोंगल के त्योहार के मौके पर दर्शकों के सामने लाया जाएगा। निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी देते हुए इसका नया पोस्टर भी जारी किया है। फिल्म के संगीत को लेकर भी बदलाव किया गया है। पहले इसके संगीत की जिम्मेदारी दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा के पास थी, लेकिन अब उनकी जगह जीवी प्रकाश कुमार ने ले ली है। फिल्म में विजय सेतुपति के साथ मालविका मोहनन मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। मालविका मोहनन ने भी सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने विजय सेतुपति के सहयोग के लिए उनका आभार जताया और निर्देशक थियागराजन कुमारराजा के साथ काम करने को यादगार अनुभव बताया।

